# नगर पालिका परिषद शामली

## ई पत्रिका




## अगस्त 2023

# नगर पालिका परिषद शामली





रामेन्द्र सिंह
**(अधिशासी अधिकारी)**

अरविंद संगल
**(अध्यक्ष)**



# नगर पालिका परिषद शामली

नगर पालिका परिषद्, शामली अगस्त 2023 के ई-पत्रिका शामली दर्पण में स्वागत है। अगस्त माह में हुए विकास कार्यों को ई-पत्रिका शामली दर्पण के माध्यम से आप सब तक पहुँचाना चाहते है। शामली नगर पलिका प्रत्येक माह ई-पत्रिका शामली दर्पण के द्वारा नगर पलिका में हुए विकास कार्यों को आपसब के सामने लाने का प्रयास करता है। जिससे शामली नगर पलिका परिषद के विकास और नई योजनाओं से लाभान्वित हो सके। नगर पालिका परिषद् शामली का एक मात्र उद्देश्य नगर पालिका का विकास है। जिसमें बिना किसी भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगों को एकसाथ लेकर आगे बढ़ने का उद्देश्य है। जिसके लिए नगर पलिका परिषद् शामली के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है। नगरवासियों से अपील है की नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे। अपने आस-पास साफ-सुथरा रखे। कुड़ा-कचरा डस्टबिन में रखे, गन्दगी न फैलाये। आने वाले कल अच्छा हो इसके लिये आज बेहतर बनायें।



**Mr. Ramendra Singh**
**(Executive Officer)**

I am happy to present the August 2023 issue to all of you. A number of projects have been commissioned in the month of August. The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learned and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residence of the Nagar Palika Parishad Shamli respective of ages, castes, creeds, religions, localities have untidily participated in creation of Shamli’s Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality which gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Shamli, would be very happy to receive your feedbacks on all matters that you feel are important.

# Nagar Palika Parishad Shamli

I am delighted to present the tasks and issue of Shamli Nagar Palika by E-Patrika Shamli in August 2023. Nagar Palika Parishad Shamli is grateful to the citizens who displayed tremendous enthusiasm and whole heartedly participated in numerous activities throughout this period. All of us should bear in mind that this is not end but a beginning of the exercise pertaining to development and Swachh Mission program. The coming years will surely be very hectic and eventful. Shamli promises to leave no room for complacency and will work even harder to achieve the targets. We solicit active participation from the citizens in our endeavor. We sincerely believe that decisions taken by Nagar Palika Parishad Shamli should benefit Nagar Palika Parishad Shamli and the citizens in the ultimate analysis. Many projects process in work in Nagar Palika Parishad Shamli for development our Nagar Palika and citizens. Thanks to all citizens of Nagar Palika Parishad Shamli for supporting to develop Shamli.



www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
1 अगस्त 2023, श्रावण (अधिक) शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, विक्रम सम्वत् 2080, मेरठ
शामली संस्करण, वर्ष 14, अंक 180, 12 पेज, मूल्य 7.00 रुपये
● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

नोरा फतेही ने दिल्ली की एक अदालत के समक्ष बयान दर्ज कराया



# शामली में 5 स्थानों पर लगेंगे गगनचुंबी राष्ट्रीय ध्वज

**अच्छी खबर**

**शामली, वरिष्ठ संवाददाता।** शामली नगर पालिका परिषद ने शहरी क्षेत्र में पांच जगहों पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिससे हरेक नागरिक में देशभक्ति एवं देशप्रेम का भाव उत्पन्न हो सके। इन पांचों राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण में 50 लाख रुपये से अधिक की लागत आएगी।

बता दें कि शामली नगर पालिका परिषद शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों को तरजीह देते हुए जहां पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए नलकूपों का निर्माण कराना शुरू कर दिया है वहीं अब देशप्रेम व देशभक्ति का जज्बा कायम करने के लिए शहर के पांच जगहों पर 80 से 101 फुट की ऊंचाई वाले राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए जाएंगे। नगर पालिका प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पालिका बोर्ड में पांच जगहों पर राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित हो गया है। अब इसकी फाइलें डीएम कार्यालय में संस्तुति के लिए भेजी गई है। उम्मीद है कि दो-तीन में ही डीएम की अनुमति एवं संस्तुति मिलते ही राष्ट्रीय ध्वज लगवाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बताया जाता है कि 15 अगस्त तक कम से कम एक राष्ट्रीय ध्वज एसटी तिराहे से आगे भारत द्वार पार्क में लगा दी जाएगी, जिससे कि स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा सके।



## इन जगहों पर स्थापित होंगे राष्ट्रीय ध्वज

1. एसटी तिराहा से आगे भारत द्वार पार्क में
2. शहर के बीच में शिव चौक पर
3. अब्दुल हमीद चौक रोडवेज बस अड्डा के पास

इसके अलावा दो अन्य जगहों पर आम जनता से राय लेने के बाद जगह सुनिश्चित की जाएगी।

## शहर में तीन ई लाइब्रेरी व 15 जिम पार्क भी बनेंगे

नगर पालिका परिषद शीघ्र ही शहर में तीन ई लाइब्रेरी बनाने की तैयारी में जुट गई है। इनमें लड़कियों के लिए सेल्फ स्टडी, वाई-फाई की पूरी सुविधा दी जाएगी। ई लाइब्रेरी चौधरी चरण सिंह बारात घर, नौकुंआ रोड व रेलपार में प्रस्तावित है। इसके अलावा 15 नए जगहों पर जिम पार्क स्थापित किए जाएंगे। जबकि पुराने जिम पार्क को अपग्रेड भी किया जाएगा। फिलहाल बड़ी माता, हाजी कालोनी, रेलपार, काका नगर, आरके इंटर कालेज और प्राकृतिक चिकित्सालय में खुले में जिम पार्क स्थापित करने की तैयारी की जा रही है।



" शहर को स्वच्छ, साफ सथुरा व सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका परिषद सदैव तत्पर है। इस कड़ी में राष्ट्रीय ध्वज लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। डीएम स्तर पर अनुमति मिलते ही धरातल में काम शुरू कर दिया जाएगा। -अरविंद संगल, चेयरमैन नगर पालिका परिषद शामली।

अमर उजाला
6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण
वर्ष 37 | अंक 231 | पृष्ठ : 14 | मूल्य : सात रुपये
महोत्सव विश्वास का
मेरठ
मंगलवार, 1 अगस्त 2023
प्रथम श्रावण पूर्णिमा
विक्रम संवत-2080

मणिपुर घटना महिलाओं को भीड़ के हवाले कर चुपचाप खड़ी रही पुलिस उत्तर प्रदेश

# हनुमान सेवा मंडल ने चेयरमैन व सभासदों को सम्मानित किया

संवाद न्यूज एजेंसी

शामली। नगर के गगन गार्डन में हनुमान सेवा मंडल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन व सभासदों को सम्मानित किया गया। साथ ही मंडल परिवार से 6 बच्चों को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि धर्म सेवा के साथ-साथ समाज सेवा करने से ही भगवान अधिक प्रसन्न होते हैं। हमारे ग्रंथों में भी लिखा है दरिद्र नारायण अर्थात गरीब में भगवान बसते, हमें हमेशा गरीब की सेवा को सर्वप्रथम रखना चाहिए।

## मंडल परिवार से 6 बच्चों को भी सम्मानित किया गया

आयुष कंसल ने भजनों से माहौल को धर्ममय बनाया। कार्यक्रम में हनुमान सेवा मंडल के सभी संरक्षकों, सदस्यों ने नगर पालिका के चेयरमैन अरविंद संगल को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया।

रजत गोयल, दिव्या गोयल ने मंडल परिवार से 6 बच्चों को सम्मानित किया। कांवड़ यात्रा में विशेष सहयोग के लिए यातायात प्रभारी संजय राणा को सम्मानित किया। नगर पालिका के सभी सभासदों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद अरविंद ऐरन ने किया।

इस दौरान नरोत्तम गर्ग, नवीन संगम, राम मेहर गर्ग, अशोक, राजकुमार उर्फ राजू, राकेश अरोड़ा, नरेंद्र अग्रवाल, विपिन गोयल, सुभाष अग्रवाल, बालकृष्ण, मुकेश, डॉ. कृष्ण गोपाल गोयल, श्रीपाल तायल, खुशी राम अरोड़ा, प्रमोद नामदेव, चंचल गोयल, रजत गोयल, निर्दोष मित्तल, विकास अग्रवाल, अनिल मंगल, सुरेश चंद गुप्ता, राजन बंसल, महेश गोयल, मुकेश गोयल, नन्द किशोर मित्तल, मुकेश वर्मा, योगेश तायल, पवन गोयल आदि मौजूद रहे।



शामली चेयरमैन अरविंद संगल को सम्मानित करते हनुमान सेवा मंडल के सदस्य स्रोत : सेवा मंडल



मेरठ, सोमवार
7 अगस्त, 2023

www.jagran.com

# दैनिक जागरण

रोहित ने टी-20 विश्व कप में खेलने की आस नहीं छोड़ी 12

सहकारिता आंदोलन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी : अमित शाह 13

## पीएम ने शामली रेलवे स्टेशन को दी 25 करोड़ की सौगात

पुनर्विकास को किया वर्चुअल शिलान्यास, स्थानीय कार्यक्रम में रहे सांसद, शामली रेलवे स्टेशन पर किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

जागरण संवाददाता, शामली : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 25 करोड़ की लागत से शामली रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास को लेकर प्रधानमंत्री ने वर्चुअल शिलान्यास किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन भी मौके पर पहुंचे तथा प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

रविवार को शामली रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टेशन पर होने वाली पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर शामली रेलवे स्टेशन पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यम से देश की एकता और अखंडता पर लघुनाटिकाएं भी प्रस्तुत की गई। आजादी के अमृत योजना के अन्तर्गत विभिन्न स्कूलों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को कैराना सांसद प्रदीप चौधरी द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सांसद प्रदीप चौधरी ने शामली रेलवे स्टेशन पर होने वाले विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी जनसमूह को दी। उन्होंने बताया कि स्टेशन भवन के अग्रभाग का विकास, अलग भवन पोर्च का प्रावधान, ड्राप आफ और पीकअप प्वाइंट, कैफेटेरिया का प्रावधान आदि कार्यों की जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि उक्त सभी कार्य 25 करोड़ की लागत से तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में रेलवे स्टेशन भव्य रूप से निर्मित होगा और बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश तरक्की कर रहा है। पूर्व मंत्री ने मांग की है कि लखनऊ और मां वैष्णोदेवी दर्शनों के लिए भी सीधी ट्रेनों का संचालन शामली से शुरू किया जाए।

इस अवसर पर उन्होंने रेलवे स्टेशन पर लगाई जाने वाली लिफ्ट का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री के सजीव प्रसारण को सुना और जमकर सराहना की।

इस दौरान सांसद प्रदीप चौधरी, एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल, भाजपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र तोमर, हरवीर मलिक, जयदेव मलिक, मोनू संगल, विनोद प्रमुख, स्टेशन अधीक्षक इकराम अली, स्टेशन टीआई पवन कुमार, पुनीत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम के दौरान खराब हो गई थी एलइडी

कार्यक्रम शुरू होते ही प्रधानमंत्री के सजीव प्रसारण को लगाई गई एलइडी खराब हो गई। कार्यक्रमस्थल पर तीन एलइडी लगाई गई थी। जिनमें दो 20 मिनट की देरी से चली। जबकि एक काफी देर तक चल नहीं सकी। इसपर सांसद प्रदीप चौधरी और पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने भी नाराजगी जाहिर की।

शामली के रेलवे स्टेशन पर शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान लोकार्पण करते सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, चेयरमैन अरविंद संगल एवं अन्य • जागरण

शामली के रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के शिलान्यास के दौरान छात्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते पूर्व मंत्री सुरेश राणा एवं सांसद प्रदीप चौधरी • जागरण

शिलान्यास के दौरान छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, सांसद प्रदीप चौधरी, चेयरमैन अरविंद संगल, एडीएम संतोष सिंह इत्यादि • जागरण

शामली के रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के शिलान्यास के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण • जागरण

# शामली रेलवे स्टेशन में 25 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे कायाकल्प का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न ।

# अरविन्द संगल, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद, शामली ।

मेरठ, सोमवार
14 अगस्त, 2023
नगर * * * * * * D
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

शरद व अजीत पवार के बीच गुप्त मुलाकात से विपक्षी दलों में बेचैनी 15
पीएम मोदी की अपील, अपनी डीपी में लगाएं तिरंगा 15




शामली के माजरा रोड से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाते डीएम रविंद्र सिंह व चेयरमैन अरविंद संगल एवं उपस्थित लोग • जागरण

# लोगों के मन में बना रहे देश प्रेम का भाव

**जागरण संवाददाता, शामली :** नगर पालिका द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी और चेयरमैन ने सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर के प्रमुख मार्गों से तिरंगा यात्रा निकली तो पूरे शहर में देशभक्ति का माहौल बन गया।

डीएम रविन्द्र सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमारे युवाओं में जोश भरने के लिए एक अच्छी प्रेरणा है। नगर पालिका शामली ने पहली बार यह प्रयास किया है, यह हमेशा बना रहे। उन्होंने कहा कि जन-जन के मन में देश प्रेम का यह भाव बना रहे। नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने इस अवसर पर कहा कि निश्चित रूप से जब हम तिरंगा हाथ में उठाकर लहराते हैं, तो हमें गर्व की अनुभूति होती है। तिरंगा यात्रा माजरा रोड, टंकी रोड, एमएसके, शिव मूर्ति होती हुई महाराजा अग्रसेन भवन हनुमान धाम में संपन्न हुई। विनोद तोमर, प्रमोद जांगिड़, रोबिन गर्ग, तोहिद रहमानी, प्रदीप सिंघल अध्यक्ष रोटरी क्लब शामली, यशपाल पंवार प्रधानाचार्य सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल कैराना, सचिन जैन, संजय बंसल, रजनीश नामदेव रहे।



शामली तिरंगा यात्रा में हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में उपस्थित लोग • जागरण

दैनिक जागरण
मेरठ, मंगलवार 15 अगस्त 2023
www.jagran.com

जुलाई में 32 अरब डालर की वस्तुओं का निर्यात 17
26 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा रुपया 17



शामली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़ा बाजार में दुकानदारों को तिरंगा देते चेयरमैन अरविंद संगल एवं उपस्थित गणमान्य लोग • जागरण

# तिरंगामय हुआ शामली, हर जगह स्वतंत्रता की मची धूम

जागरण संवाददाता, शामलीः स्वतन्त्रता दिवस तथा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान को नगर पालिका द्वारा तिरंगा वितरण किया गया। नगर पालिका परिषद शामली अध्यक्ष अरविन्द संगल द्वारा नगर में प्रथम बार घरों के साथ साथ नगर के पूरे बाजार में दुकानों पर नगर पालिका ने तिरंगा लहराया।

अमृत योजना के 76 वी वर्षगाठ पर शहर के नागरिकों व दुकानदारों ने इस कार्य की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा के तहत 14 अगस्त 2023 दिन सोमवार को नगर पालिका परिषद शामली अध्यक्ष अरविन्द संगल द्वारा गुरूद्वारा रेलवे फाटक से धीमानपुरा रोड, शिव चौक, गांधी चौक, बडा बाजार, अजुध्या चौक, सिटी बाजार, फव्वारा चौक, विजय चौक, अजंता चौक, बुढाना रोड, हनुमान रोड, मील रोड पर दोनों ओर स्थित प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। साथ ही नगर क्षेत्र में आने वाली समस्त वार्डों में सभासदों के माध्यम से डूर टू डूर तिरंगा झंडा घरों की छतों पर फहराया गया। इस 76 वीं वर्षगांठ पर बार अध्यक्ष अरविंद संगल के सौजन्य से नगर क्षेत्र में लगभग आठ मात्रा में प्रतिष्ठानों एवं घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया गया। इस शुभ अवसर पर अधिशासी अधिका रामेंद्र सिंह, सभासद राजीव गोयल, तोहिद रहमानी, हसीन अंसारी, सभासदपति गुलजार मंसूरी, संजय, पंकज गुप्ता राखी यादव, तेजपाल सिंह, अनिल शर्मा, प्रदीप कुमार, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद रहें।

# नगर पालिका परिषद शामली द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया गया।

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार
17 अगस्त 2023, श्रावण शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, विक्रम सम्वत् 2080, मेरठ

शामली संस्करण, वर्ष 14, अंक 193, 18 पेज, मूल्य 7.00 रुपये

जैकलीन फर्नांडिस को अदालत ने विदेश जाने की अनुमति दी



**कार्यक्रम** | नगर पालिका परिषद शामली द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया

## हिंदू-मुस्लिम चाहे जो लिखा लो माथे पे...



शामली नगर पालिका में कवियों का स्वागत करते चेयरमैन। • हिन्दुस्तान

**शामली,संवाददाता।** नगर पालिका परिषद शामली द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध कवि, शायरों ने अपने काव्यपाठ से मां भारती की आराधना की।

मंगलवार देर शाम मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत शहर के हनुमान धाम स्थित अग्रसैन बारातघर में नगर पालिका परिषद शामली द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, डीएम रविन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में एडीएम संतोष कुमार, नगर पालिका परिषद चेयरमैन अरविंद संगल ने सभी कवि व शायरों को पटका व फूल मालाओं से स्वागत किया। प्रसिद्ध कवि

त्यागी की मधुर सरस्वती वंदना से शुरूआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य कवि के रूप में विश्व विख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी ने अपने उत्कृष्ट कायपाठ में देश के प्रति अपना प्रेम छलकाते हुए पढ़ा।

हिंदू मुस्लिम चाहे जो लिखा हो माथे पर मगर। अपने सीने पर तो हिंदुस्तान होना चाहिए।

प्रदीप मायूस, डा. शुभम त्यागी, दिल्ली से पधारे योगेंद्र सुंदरियाल, अनिल बाजपेई ने अंसार सिद्दीकी ने कविता सुनाई। अध्यक्षता वरिष्ठ शायर कौसर जेदी ने की। राधाकांत पांडेय, तनवीर जलालपुरी, के मधुकर, बलराज मालिक, प्रीतम सिंह प्रीतम, अनिल पोपट ने भी काव्यपाठ किया।

**अरविन्द संगल** चेयरमैन नगर पालिका शामली

# अमर उजाला

मेरठ
सोमवार, 21 अगस्त 2023

गृह मंत्री शाह बोले हमने मध्य प्रदेश को बीमारू से विकसित राज्य बनाया...10

उत्तर प्रदेश






शामली नगर पालिका में कर्मचारियों की बैठक लेते चेयरमैन अरविंद संगल। संवाद

## पालिकाध्यक्ष ने कूड़ा संग्रह वाहन चालकों की सुनीं समस्याएं

**संवाद न्यूज एजेंसी**

शामली। नगर पालिकाध्यक्ष अरविंद संगल ने डोर टू डोर कूड़ा संग्रह वाहन चालकों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया।

रविवार को पालिकाध्यक्ष ने डोर-टू-डोर कूडा संग्रह में लगे वाहन चालकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि प्रत्येक वार्ड से प्रतिदिन घर-घर से कूड़ा लेना है। कूड़ा गाड़ी को वार्ड में तेजी से न चलाने और लाउडस्पीकर लगाने के लिए कहा। पालिकाध्यक्ष ने बताया शहर की सफाई व्यवस्था के लिए 354 कर्मचारी व डोर-टू-डोर कूडा संग्रह के लिए घर-घर जाकर लगभग 100 कर्मचारी कार्य कर रहे है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन 12 वाहन लगे हैं। इन वाहनों की संख्या बढ़ाने के लिए विचार किया जा रहा है। उन्होंने डोर टू डोर वाहन चालकों का वेतन ना मिलने की समस्या का समाधान करते हुए विभागीय अधिकारियों को तत्काल वेतन देने के निर्देश दिए।

इस दौरान कर्मचारियों ने अरविंद संगल को गुलदस्ता भेंट कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शशिकांत पालीवाल, सुपरवाइजर प्रवेश पालीवाल तुषार बिड़ला, साहिल, मोहित, अनुराग, लखन किशोर, मोहित कुमार, कपिल, एजाज, नाथुराम, रविंद्र, सिद्धार्थ, राहुल, लिपिक अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार

विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रणय-लक्ष्य पदक के दावेदार P-12



# डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने फायर स्टेशन पर लगाए पौधे



शामली के फायर स्टेशन पर पौधरोपण करते समाजसेवी। • हिन्दुस्तान

**शामली, संवाददाता।** डेरा सच्चा सौदा द्वारा रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सेवादारों ने फायर स्टेशन पहुंचकर पौधे लगाए।

रविवार को रामसागर स्थित फायर स्टेंशन पर डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों द्वारा पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल रहे।

दिव्य योग संस्थान के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा द्वारा मानवता भलाई के लिए रक्तदान, गरीबों का निशुल्क इलाज, गरीब कन्याओं की शादी, गौ संरक्षण, भूखे भोजन, गरीबों को मकान बनाकर देना आदि संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा की प्रेरणा से किए जा रहे है।

मौके पर बबलू, अश्वनी, रवि, आजाद, शरदाराम, जगदीश, जयपाल, विनोद मोदी, अंकित मौजूद रहे।

मेरठ, मंगलवार
29 अगस्त, 2023
नगर * * * * *
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

## योगा चैंपियनशिप में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने लिया भाग

**संवाद सूत्र, शामली :** सेंट आरसी स्कूल में डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय योगा चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

सोमवार को सेंट आरसी स्कूल में चैंपियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल रहे, डा. कपिल मलिक, नंदकिशोर ने किया। प्रतियोगिता तीन ग्रुप में संपन्न कराई गई। जिसमें ट्रेडिशनल योगासन गर्ल्स कैटेगरी में जस्सी सैनी प्रथम, वसुंधरा मलिक द्वितीय तथा काव्या अग्रवाल, अविका त्यागी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

ट्रेडिशनल योगासन ब्वायज कैटेगरी में पार्थ अग्रवाल ने प्रथम अर्पित चौहान ने द्वितीय व आर्यवीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आर्टिस्टिक सिंगल में सोनाक्षी पंवार ने प्रथम एवं युग ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर योगा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

आयोजन सचिव अश्विनी कुमार एवं विक्रांत चौधरी ने बताया कि जीतने वाले सभी खिलाड़ह आगामी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर जिला योगासन स्पोटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. कुलदीप मलिक, उपवन शर्मा, अभिषेक निवाल, लव शर्मा, अंकुर मलिक मौजूद रहे।

निर्णायक मंडल में महेश त्यागी, पूजा राठी, दिवाकर कश्यप, विपिन गुलियान मुजफ्फरनगर आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर शामली के गांव फुरमाफी में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उप क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी त्यागी ने बताया कि वालीबाल प्रतियोगिता में पुरमाफी, ऊन, सिलावर, राझड, शामली, बनत, रायल क्लब शामली टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उन्होंने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज यानी मंगलवार को होगा।

इस दौरान ग्राम प्रधान आदेश चौधरी, जिला वालीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष भारतवीर सिंह बब्ला, कंवरपाल डायरेक्टर, यशवीर शास्त्री, हरवीर सिंह आदि मौजूद रहे। छात्रों ने आनंद लिया।



शामली के सेंटआरसी कान्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र छात्राएं • सौ. स्वयं

# प्रथम जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप 2023 संपन्न, बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

# आयोजको को व प्रतियोगियों को बधाई, बधाई, बधाई ।

# अरविन्द संगल, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद, शामली ।

मेरठ, मंगलवार
29 अगस्त, 2023
www.jagran.com

# दैनिक जागरण

मुहल्ले की निगरानी के लिए दस राज्य लगाएंगे डिजिटल सेंसर 10
हमें स्वर्ग नहीं, दूसरों के लिए जीना है : मोहन भागवत 10



शामली के वीवी डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एवं शिक्षक • सौ-स्वयं

## स्वयं को आत्मनिर्भर बनाकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं युवा

**जागरण संवाददाता, शामली :** युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्यमियों ने युवाओं को टिप्स दिए। सोमवार को शहर के वीवी पीजी कालेज में उद्यमिता पखवाड़े में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ सहारनपुर से आए लघु उद्योग भारती के सहारनपुर मंडलीय अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, शामली अध्यक्ष अंकित गोयल, कैरियर व्हील्स के डायरेक्टर आशीष जैन, आलोक जैन व प्राचार्य प्रो. डा. सुधीर कुमार ने किया। कार्यक्रम संयोजिका डा. मृदुला जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री का सपना स्वावलंबी भारत जिसमें देश के युवा स्वरोजगार कर स्वयं को आत्मनिर्भर बना देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। लघु उद्योग भारती शामली के अध्यक्ष अंकित गोयल ने कहा कि उद्यमिता पखवाड़े के अवसर पर उद्यमिता में युवा पीढ़ी को जोड़ना है, यह कार्यक्रम आरएसएस द्वारा चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य हर एक वर्ग के युवा पीढ़ी को जोड़कर देश के निर्माण में भागीदार बनाना है। कार्यशाला को अनुज गर्ग, सुशील, अमित जैन ने भी संबोधित किया। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार ने सभी अतिथियों का आभार जताया। डा. नीना छोकरा, डा. प्रताप सरोहा, डा. छवि, डा. बबली, डा. मुकेश, नारायण सिंह, डा. अनुप्रिता, रिचा भारद्वाज, डा. अर्शी खान आदि भी मौजूद रहे।

**वी. वी. डिग्री कॉलेज शामली में स्नातकोत्तर फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया सभी को बधाई ।**

**अरविन्द संगल, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद, शामली ।**

मेरठ, बुधवार
30 अगस्त, 2023
नगर ******D
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

# दैनिक जागरण

www.jagran.com



जीएम सरसों पर सुप्रीम कोर्ट की राय पर्यावरण को कायम रखना बेहद जरूरी 9
गडकरी ने पेश की 100 प्रतिशत एथनाल से चलने वाली एमपीवी 9

# विजेता निशानेबाजों को चेयरमैन ने किया सम्मानित

जागरण संवाददाता, शामली : क्रीड़ा भारती की ओर से आयोजित तीन दिवसीय शूटिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान नपा चेयरमैन ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मंगलवार को शामली राइफल क्लब के अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने बताया कि आयोजित तृतीय जनपद शामली निशानेबाजी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि युवा पीढ़ी को लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करनी चाहिए तथा विद्या अध्ययन एवं खेल दोनों में भरपूर मेहनत करनी चाहिए। प्रतियोगिता के एयर पिस्टल आईएसएसएफ वर्ग के चैंपियन आफ चैंपियन फाइनल मुकाबले में अभिषेक तोमर प्रथम, इशू ढाका द्वितीय और जतिन निर्वाल तृतीय स्थान पर रहे। जिनको चैंपियन आफ चैंपियन ट्राफी और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। एयर राइफल आईएसएसएफ वर्ग में नमन जैन प्रथम, निशांत बालियान द्वितीय, शोभित शर्मा तृतीय स्थान पर रहे, एयर राइफल एनआर वर्ग में राजा पूनिया प्रथम, आशी जैन द्वितीय अक्षित निर्वाल तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पदक पहनाकर सम्मानित गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में तपन मलिक, सिंपल चौधरी, गौरव चौधरी, विराट सरोहा, लव खोखर और उज्वल सहरावत रहे। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता डा. श्रीपाल धामा एवं संचालन मुकेश चौधरी और तपन मलिक ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान डा. विनीत चौहान, क्रीड़ा भारती जिलाध्यक्ष डा राजेंद्र स्वामी, एडवोकेट कमलावीर, नितिन वर्मा, योगेंद्र कादियान, शिवचरण सिंह, अनिल राठी, हिमांशु मलिक, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।




शामली के झिंझाना रोड स्थित राइफल क्लब में खिलाड़ियों को सम्मानित करते चेयरमैन अरविंद संगल● सौ:स्वयं

**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए आज शपथ दिलाते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय अग्रवाल जी**



## टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़े। आप भी अपना योगदान दे।









**भारत देश की हम संतान हैं, तीन रंगों से है रंगा तिरंगा, अपनी ये ही पहचान है'...!**

**चलो फिर से वो नजारा याद कर लें**
**शहीदों के दिल में थी जो ज्वाला वो याद कर लें**
**जिसमें बहकर आजादी पहुंची थी किनारे पर**
**बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें !**
**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !**

# रक्षाबंधन




**“बड़ा भाग्यशाली है हर वो इंसान जिसके**
**हिस्से यह सुख आया है,**
**भाई की खुशी की खातिर बहन ने हंसते-**
**हंसते पीड़ाओं को गले लगाया है...”**

**“मेरी कलाई पर बंधा रक्षासूत्र मुझे पीड़ाओं**
**से बचाता है**
**मेरी बहना का होना ही, मेरे दुखों को**
**डराता है...”**

Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India

# "O"

## Open defecation

को कहें न, स्वच्छता को कहें हां

**#AtoZofSwachhata**





स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2023
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Let's pledge for a
Cleaner & Greener ci
STOP
PLASTIC
POLLUTION
FREEDOM FROM SINGLE USE PLAST
nagarvikasup/ @NagarVikasUP
नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश
Toll Free No. : 1533 / 1800 18

# संपर्क करें



:http://nppshamli.in/

: nppshamli@gmail.com